वरदान | By Sanjeev Sharma

श्याम भरोसे जो भी बैठा उसकी चिंता श्याम करे
श्याम को ये वरदान मिला है श्याम जी सबकी लाज रखे

अपना जीवन सौंप प्रभु को भूल जाओ क्या होता है
अर्ज़ी रख कर चरण पखारो चमत्कार फिर होता है
चमत्कार फिर होता है ....
खाटू से ही बैठा बैठा सबके मन का भाव पढ़े
श्याम को ये वरदान मिला है श्याम जी सबकी लाज रखे

श्याम से जो भी जुड़ा नहीं है शायद ये मालूम नहीं
हाथ पकड़ ले गर ये जिसका छोड़े ये फिर कभी नहीं
छोड़े ये फिर कभी नहीं ....
श्याम ही टूटी नाव चलाये संकट सबके श्याम हरे
श्याम को ये वरदान मिला है श्याम जी सबकी लाज रखे

चाहे थोड़ा समय निकालो श्याम नाम रस पिया करो
रोज़ सवेरे उठ कर पहले श्याम के दर्शन किया करो
श्याम के दर्शन किया करो ....
सरल कहे तुम श्याम रिझा लो श्याम ही भव से पार करे
श्याम को ये वरदान मिला है श्याम जी सबकी लाज रखे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-sanjeev-sharma/